# बदमाशी करने आए युवकों सहित एक हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को थाना क्षेत्र में बदमाशी करने आए हिस्ट्रीशीटर सहित सात जनों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक दो गाड़ियां भी जब्त की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बदमाशों में दो मेहाड़ा थाना क्षेत्र के अलावा पांच दिल्ली व यूपी के रहने वाले हैं।

थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दो गाड़ियों में सवार होकर कुछ बदमाश

■ **बदमाशों के कब्जे से दो गाड़ियां भी जब्त की**

खेतड़ी कस्बे में आए हुए हैं तथा वह क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात करने की फिराक में घूम रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी प्रवीण कुमार नायक ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की ओर से कस्बे में तलाशी अभियान चलाया गया तो दो संदिग्ध गाड़ियों को रूकवाकर तलाशी ली गई। इस दौरान गाड़ियों में सवार युवकों से क्षेत्र में आने का कारण पूछा गया तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।



खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जिस पर पुलिस ने उनको शांतिभंग में हिरासत में लेकर जानकारी जुटाई तो सामने आया कि आरोपियों में एक युवक मेहाड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

पुलिस ने संजय कॉलोनी नरेला वैस्ट दिल्ली निवासी राहुल उर्फ राजा पुत्र सत्यवीर जाट, अमीनाबाद नोएडा निवासी दीपांशु भाटी पुत्र संजय भाटी, जुनेदपुर नोएडा निवासी योगेश पुत्र गजेन्द्र गुर्जर, नरेला निवासी विनित मलिक उर्फ भूरा पुत्र कर्मवीर, बांसियाल निवासी सुनील पुत्र बुधराम गुर्जर, टीबा बसई निवासी अजीत पुत्र बंशीराम, हिस्ट्रीशीटर बांसियाल निवासी लोकेश पुत्र सुल्तान सिंह गुर्जर को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के अपराधी रिकॉर्ड की जानकारी जुटाई जा रही है तथा मामले को लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार आरोपी खेतड़ी में किन्नरों पर हमला करने के लिए क्षेत्र में आने की बात भी सामने आई है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, एएसआई देवेंद्र सिंह, कांस्टेबल राकेश कुमार मोडसरा, शिवराज सिंह, मदनलाल, राजवीरसिंह आदि शामिल थे।

# 'संकटग्रस्ट महिलाओं को समुचित आश्रय व सहायता मिले'

**चूरू,** (कासं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में शुक्रवार को जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर सत्यानी ने कहा कि जिले में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का सफल संचालन किया जाए तथा आने वाले परिवादों का नियमित फीडबैक लें। सुनिश्चित करें कि आने वाले परिवादों में फरियादियों को गुणवत्तापूर्ण परामर्श मिले तथा वे बेहतर स्तर तक संतुष्ट हों।

उन्होंने कहा कि संकटग्रस्ट महिलाओं को समुचित आश्रय, मेडिकल व विधिक सहायता मुहैया हो। महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए विभाग एवं सेवा प्रदाता संस्थाओं में सुविधाओं एवं निर्धारित मापदण्डों के लिए औचक निरीक्षण किया जाए। इसके साथ ही महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों पर कार्यरत परामर्शदाताओं को विभाग द्वारा निर्धारित मानदेय समय पर भुगतान किया जाए।

■ **कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक में दिए निर्देश**

जिला कलेक्टर ने बैठक के दौरान जिले में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों व सखी केन्द्र की प्रगति एवं प्राप्त प्रकरणों के बारे में विस्तृत चर्चा की।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने समिति के समक्ष महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, डीवाईएसपी सुनील कुमार, आईसीडीएस उपनिदेशक नरेन्द्र शेखावत, एडीपीआर कुमार अजय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़, सीडीपीओ मुकेश तिवाड़ी, संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश, श्रम विभाग जिला प्रबंधक सुनिल वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मंजुबाला ने हैमर थ्रो में गोल्ड जीता

**चूरू,** (कासं)। जिले के चांदगोठी की खिलाड़ी मंजुबाला स्वामी ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णपदक जीतकर जिले का नाम बढाया है। पंचकुला में 27 से 30 जून तक चल रही 63 वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में मंजुबाला ने गुरुवार रात्रि हैमर थ्रो में 63.66 मीटर दूरी तय करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। इस इवेंट में हर्षिता शेरावत ने 62.22 मीटर के साथ सिल्वर तथा तान्या चौधरी ने 61.57 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है कि मंजुबाला ने 2023 के गोवा नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था तथा वर्ष 2022 में कॉमनवेल्थ खेलों में भाग लिया था।

## कार्यालय नगरपरिषद, सरदारशहर ( जिला चुरू )

Ph.: 01564.220681, 220030 Email conpsdr@gmail.com

क्रमांक:- भूमि/2024-25/159-160 दिनांक :- 28.06.24

### सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में श्री प्रकाशचन्द्र पुत्र अभयकरण व गौरव पुत्र सुबोध सेठिया निवासी राजवाला कुआ के पास भूमि स्थान बहादूरसिंह कोलोनी के पास के द्वारा भूमि माप 3297.39 वर्गमीटर माप का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। सरदारशहर के नवीनतम मास्टर प्लान 2036 में उक्त भूमि Recreational श्रेणी में बाग, खुले स्थान एवं खेल के मैदान श्रेणी प्रयोजनार्थ आरक्षित है जिसका वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भूमि बहादूरसिंह कोलोनी मुख्य रोड पर के पास स्थित है। मास्टर प्लान के अनुसार भूखण्ड के सामने 18 मीटर सडक मार्गाधिकार रखा गया है। उक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो मय प्रमाण 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें।

( भगवान सिंह )आयुक्त नगरपरिषद-सरदारशहर

# ट्रांसफार्मर में आग लगी

**चूरू,** (कासं)। चूरू के नया बस स्टैंड पशुपालन विभाग के पास शुक्रवार दोपहर बिजली के पोल पर लगे ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। छोटी सी चिंगारी के बाद आग की लपटें निकलने लगी। ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों और नगर परिषद में दी।

जहां से तुरंत मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। जिसने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफॉर्मर में आग लगी है। सूचना मिलने पर ट्रांसफॉर्मर से जुड़ी लाइन को तुरंत बंद करवाया गया। आग से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। अगर समय रहते सूचना नहीं मिलती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। उल्लेखनीय रहे कि डिस्कॉम ने जनता की समस्याओं को लेकर प्राईवेट संध्या कंपनी को ठेका दे रखा है। लेकिन कंपनी के लगाए गए कर्मचारी जनता की समस्या का हल करने में असफल ही सिद्ध हो रहे हैं।

# गौ सेवक व धर्म गुरूओं से पौधारोपण में सहयोग की अपील

**सीकर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विजन हरित राजस्थान को साकार करने के उद्देश्य से हरित सीकर एक जन अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में गौशालाओं के संचालकों, गौ सेवक, धर्म गुरूओं की कार्यशाला एवं जिला गौपालन समिति की बैठक आयोजित की।

उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार एक व्यक्ति, एक वृक्ष अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए गौशालाओं के संचालकों,गौ सेवक, धर्म गुरूओं के प्रतिनिधियों से अपेक्षित सहयोग करने की अपील की। बैठक में अनुदान के संबंध में भी चर्चा की गई तथा भुगतान से जुड़े निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि धर्मगुरूओं, सीकर की गौशालाओं में सेवा का भाव देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने पौधारोपण अभियान शुरू किया है जिसके तहत



जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में गौशालाओं के संचालकों, धर्म गुरूओं की कार्यशाला आयोजित हुई।

प्रदेश में 7 करोड पेड लगाने का लक्ष्य है और जिले में 23 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग जागरूक हैं। उन्होंने गांव के लोगों को जोडकर गौशाला स्थापित कर दी है, गौशालाओं में फलदार व छायादार पेड़ लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि गौशालओं का एक भाग में आगे पेड लगाए तथा एक भाग में नंदी शाला के लिए छोडे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक विभाग को पेड़ लगाने का लक्ष्य आवंटित किया है। आप सभी से अपेक्षा है कि पौधा रोपण का संदेश आमजन तक पहुंचाएं, चारागाह में पिंच करके पेड लगए, आपको कोई नहीं रोकेगा तथा गौशालाओं से अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

## कार्यालय नगरपरिषद चूरू ( राजस्थान )

क्रमांक: न.प./चूरू/भू.उ.प. शाखा/2024-25/ दिन

### -: सार्वजनिक विज्ञप्ति ( आपत्ति आमन्त्रण-पत्र ) :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित आवेदिक द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अत: इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपत्ति हो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपति निम्न अद्योहस्ताक्षर कर्ता समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्त संबंधित आवेदक के पक्ष में कर दिया जावेगा :-

| क्र. सं. | नाम आवेदक/आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | मास्टर/जोनल प्लान में भू-उपयोग | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र किशनलाल शर्मा, मोहल्ला लुदी बास वार्ड नं. 06 राजगढ जिला, चूरू | राम मन्दिर से रामगढिया दरवाजे को जाने वाली मुख्य सड़क पुराना वार्ड नं. 20, चूरू | 102.23 वर्गमीटर | प्लांट संख्या 01 | पट्टे से छोड़ा हुआ रास्ता 11 फीट 3 इंच चौड़ा | मुख्य सड़क | प्लाट संख्या 03 | व्यवसायिक | आवासीय से वाणि प्रयोजनार्थ भू-उपय परिवर्तन |

( अभिलाषा सिंह )आयुक्त नगरपरिषद च

# पंचायत समिति की बैठक में अधिकारियों को खरी-खरी सुनाई

**सादुलपुर,** (निसं)। पंचायत समिति की शुक्रवार को हुई पंचायत समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पेयजल बिजली विभाग से जुड़े विभागीय अधिकारियों को खरी-खरी सुनाई तो यह मुद्दा इतना गहराया की जिम्मेदार बगले झांकते नजर आए।

पंचायत समिति सदस्य सरपंच हर कोई जलदाय विभाग, आपणी योजना जल जीवन मिशन या इनकी संवेदक कंपनी के जिम्मेदारों को कोसते नजर आए। बैठक में विधायक मनोज न्यांगली ने तो पानी और बिजली व्यवस्था को लेकर यहां तक कहा कि तहसील के सैंकडों गांव में आप जिम्मेदार अफसर एक ऐसा गांव का

■ **अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

नाम बताएं जहां 70 प्रतिशत ग्रामीणों को पीने का पानी दिया जा रहा है या बिजली समस्या का समाधान हो रहा हो तथा आपकी व्यवस्था से कोई संतुष्ट हो। बैठक में घर-घर कनेक्शन होने की शिकायत की तो किसी ने पेयजल टंकी का निर्माण या पाइपलाइन से मिलान नहीं होने का रोष जताया। प्रधान विनोद देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अनुपस्थित रहने वाले संबंध विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई तथा मौके पर ही विधायक ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को दूरभाष पर शिकायत कर कार्रवाई की आवश्यकता जताई।

उप प्रधान रामफल लंबोरिया ने कहा कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं में काम करने वाले लाइनमैन तथा ठेकेदार जनप्रतिनिधियों के फोन को ब्लैक लिस्ट में डाल रखा है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। बैठक में घरेलू विद्युत कनेक्शन डिमांड जमा होने दो वर्ष बाद भी नहीं देने, वीसीआर के नाम पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाने, बिजली से संबंधित शिकायत का निराकरण नहीं होने पर रोष जताया गया।

# परिवहन विभाग के कर्मचारी पैन डाऊन हड़ताल पर

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर विगत 19 जून को एन एच 52 पर परिवहन निरीक्षक के साथ मारपीट का मामला स्थानीय सदर थाने में दर्ज हुआ था। जिसमें परिवहन निरीक्षक सुरेश बिश्नोई ने कमल रामसरा व लख्खू के नाम नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिस पर कार्रवाई न होने पर विभाग के अधिकारी पैन डाउन हड़ताल पर हैं। जिस कारण से परिवहन विभाग का काम काज ठप्प हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। उल्लेखनीय हैं कि घटना के अगले दिन ही परिवहन निरीक्षक पर भी एससी एसटी का मुकदमा दर्ज हो गया था जिस कारण से परिवहन निरीक्षक बिश्नोई को एपीओ कर दिया गया है।

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ ( चूरू )

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भीम BHIM

E-MailAddress: eonp.sdlp@yahoo.in Fax & Phone: 01559-222039

क्रमांक :-न.पा.रा./2024-25/1004 दिनांक :- 28.06.24

### -: आपति सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति/कृषि भूमि नियमन/खांचा भूमि नियमन/स्टेटग्रान्ट एक्ट/69 ए/तहबाजारी हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में व लोकसूचना के लिए 15 दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात् आपति विचारानीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>69 क आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2422/14.06.2024 | मोहनलाल पुत्र नीनाराम, वार्ड.न. 27, राजगढ़ (चूरू) | 139.34वर्गमीटर | आवासीय |
| 2 | 2423/19.06.2024 | मजीद पुत्र मदन, वार्ड.न. 17, दमामियों की ढ़ाणी, राजगढ़ (चूरू) | 101.83वर्गमीटर | आवासीय |
| 3 | 2424/19.06.2024 | सलीम खान पुत्र मदन खान, वार्ड.न. 17, दमामियों की ढ़ाणी, राजगढ़ (चूरू) | 167.52वर्गमीटर | आवासीय |
| 4 | 2425/21.06.2024 | सीता देवी पत्नी स्व. खेमानसिंह, वार्ड.न. 14 (18), राजगढ़ (चूरू) | 106.81वर्गमीटर | आवासीय |
| 5 | 2426/25.06.2024 | अशोक कुमार पुत्र मोतीलाल, वार्ड.न. 19, मैन मार्केट दरवाजे के पास, राजगढ़ (चूरू) | 70.97वर्गमीटर | व्यवसायिक |
| 6 | 2427/26.06.2024 | दीपशिखा पत्नी सुशील कुमार, वार्ड.न. 9 (11), राणी सती मन्दिर के पास, राजगढ़(चूरू) | 43.89वर्गमीटर | आवासीय |
| 7 | 2428/26.06.2024 | सरिता शर्मा पत्नी स्व. बजरंगलाल, वार्ड.न. 24 (32) कन्दोई भवन के पास, राजगढ़ (चूरू) | 167.40वर्गमीटर | आवासीय |

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>कृषि भूमि नियमन आपत्ति सूचना | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6435/20.06.2024 | सत्यवीर पुत्र मानकराम, वार्ड.न. 02 (13) मातामण्डी के पिछे, राजगढ़ (चूरू) | 582 | 167.21वर्गमीटर |
| 2 | 6436/20.06.2024 | सुरजीत सिंह पुत्र वीरसिंह, वार्ड.न. 12 (16) सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू) | 924 | 222.94वर्गमीटर |
| 3 | 6437/20.06.2024 | सोमवीर पुत्र रतनाराम, वार्ड.न. 12 (15) बालाजी कॉलोनी, राजगढ़ (चूरू) | 2483/1872 | 375.27वर्गमीटर |
| 4 | 6438/21.06.2024 | फूली पत्नी हनुमान प्रसाद, वार्ड.न. 37, कौशिक कॉलोनी, राजगढ़ (चूरू) | 253 | 371.57वर्गमीटर |
| 5 | 6439/24.06.2024 | राजकला पत्नी अनुराग पूनियाँ, वार्ड.न. 2 (14) इण्डस्ट्रीयल एरिया के पास, खेमाणा रोड़, राजगढ़ (चूरू) | 2559/1449 | 264.33वर्गमीटर |
| 6 | 6440/24.06.2024 | राजकला पत्नी अनुराग पूनियाँ, वार्ड.न. 2 (14) इण्डस्ट्रीयल एरिया के पास, खेमाणा रोड़, राजगढ़ (चूरू) | 2559/1449 | 360.05वर्गमीटर |
| 7 | 6441/25.06.2024 | विमलेश पत्नी भंवरसिंह, वार्ड.न. 12 (15), पिलानी रोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू) | 1861 | 222.94वर्गमीटर |

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>तामिर स्वीकृति आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 555/20.06.2024 | राकेश कुमार पुत्र पूनमचन्द, वार्ड.न. 12, राजगढ़ (चूरू) | 118.10वर्गमीटर | आवासीय |
| 2 | 556/21.06.2024 | मीना देवी पत्नी मोतीलाल, वार्ड.न. 09, पुराना फलसा के पास, राजगढ़ (चूरू) | 111.79वर्गमीटर | आवासीय |
| 3 | 557/27.06.2024 | इकबाल खा व सादिक मोहम्मद पुत्रगण सुभान खां, वार्ड.न. 25, राजगढ़ (चूरू) | 295.39वर्गमीटर | आवासीय |

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>तहबाजारी | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | 94/10.06.2024 | चन्दनसिंह पुत्र इन्द्राज, वार्ड.न. 15, मोहल्ला रेल्वे स्टेशन के पास, राजगढ़ (चूरू) | 12.70वर्गमीटर |

**अध्यक्ष**
नगरपालिका राजगढ़ ( चूरू )

**अधिशाषी अधिकारी**
नगरपालिका राजगढ़ ( चूरू )

# 'सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों से सौ मीटर पूर्व संकेतक लगाएं'

**पाटन,** (निसं)। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के उपायों के संबंध में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों व ब्लैक स्पॉट, घुमावदार सड़क तथा ब्लैक

■ **जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

स्पॉट पर 100 मीटर पूर्व से संकेतक लगाने के निर्देश दिए।

सार्वजनिक निर्माण के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्भावित दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सांकेतिक बोर्ड एवं निर्धारित गति सीमा को नियन्त्रण करने के लिए गति अवरोधक लगाना सुनिश्चित करें एवं दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। परिवहन हेतु आवश्यक उपाय अपनाने



बैठक में कलेक्टर शरद मेहरा ने अधिकारियों को निर्देश दिये।

यथा राजमार्ग पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र में ब्लैक स्पॉट पर बोर्ड लगवाने, गति सीमा के बोर्ड लगवाने सहित दिशा निर्देश दिये।

सडक पर ओवर स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाने अभियान के तहत सभी कॉमर्शियल वाहनों के स्पीड गवर्नर की जाँच करें ,ओवर स्पीड पाई जाने पर उनके चालान काटने, जिन गाडियों से रोडी उछलकर रोड पर गिरती है उनके चालान काटने, चला में चौराहे पर हो रहे अतिक्रमण को ग्राम पंचायत की मदद से हटवाने, गुहाल नदी के उपर बने पुल के दोनों ओर रेलिंग लगवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जीवन रक्षा योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को चिकित्सालय तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशी एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है, इसकि जानकारी सभी लोगों को नहीं है इसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। स्वास्थ्य विभाग यातायात एवं पुलिस विभाग के सहयोग से नाकों पर कैम्प आयोजित कर ड्राइवरों की आँखों की जांच करें।

जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक ने बताया कि आइरेड साफ्टवेयर के माध्यम से दुर्घटनाओं का डाटा फीड करने व दुर्घटनाओं का एनालाइसिस करने का कार्य नियमित किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में यातायात सांकेतिक चिन्ह एवं नियमों के बारे में छात्रा-छात्राओं को जानकारी प्रदान करते हुए यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी जाये। सभी शिक्षण संस्थाओं में यातायात सांकेतिक चिन्ह एवं नियमों के बोर्ड लगाने व शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन करते हुए छात्रों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण ने बताया कि जिले में कुल 62 ब्लैक स्पॉट हैं उनमें से 49 पर ट्रेफिक साईन बोर्ड लगवा दिए गये हैं। शेष पर बोर्ड लगवाने का कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जावेगा। सड़कों के किनारे कुछ लोग बिल्डिंग मटेरियल डालकर बेचते हैं उनको हटवाने बाबत नोटिस दिया जाए तथा नहीं मानने पर उनके चालान काटे जाएं।

## युवा मित्रों को बहाल करने की मांग

**झुंझुनूं**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के झुंझुनूं आगमन पर युवा मित्रों ने जिलाध्यक्ष विकास गुर्जर के नेतृत्व में हवाई पट्टी पर युवा मित्रों को बहाल करने की मांग को लेकर व मुकदमे खारिज करने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।


जिलाध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि बीजेपी की सरकार आते ही दिसंबर माह में मुख्यमंत्री शपथ लेते ही सबसे पहला काम युवा मित्रों को हटाने का किया है। जिससे राजस्थान में 5000 युवा मित्र बेरोजगार हो गए हैं। उसके बाद 72 दिनों तक शहीद स्मारक जयपुर पर और धरना प्रदर्शन किया और केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के आवास पर भी 13 दिन धरना प्रदर्शन किया और 9 दिन केबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के आवास पर और चार दिन शहीद स्मारक पर अनशन किया। लेकिन सरकार को फिर भी रहम नहीं आया। जिलाध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि जब लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगी थी। तब सरकार के प्रतिनिधि मंडल से इस आश्वासन पर धरना समाप्त किया था कि लोकसभा चुनाव पूरे होते ही आपको बहाल कर दिया जाएगा। लेकिन सरकार अपने किये इस वादे को भूल कर युवा मित्रों पर मुकदमा भी लगा दिया और अभी तक दिए हुए आश्वासन पर भी कोई काम नहीं हुआ। बेरोजगार युवा मित्र दर दर की ठोकरें खा रहा है। राजस्थान का ऐसा कोई मंत्री विधायक नहीं जिसके पास अपनी फरियाद लेकर नहीं गया हो लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# सिंघाना क्षेत्र में आधे घंटे हुई बरसात से सड़कों पर भरा पानी

**खेतड़ी**, (निसं)। सिंघाना क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर बाद बारिश का दौर शुरू हो गया। मानसून की पहली बरसात से आमजन को गर्मी से काफी राहत मिली तथा तापमान में भी आठ डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। बरसात होने के बाद मौसम सुहावना हो गया। करीब आधे घंटे तक मध्यम बरसात होने से सड़कें दरिया बन गई, जिससे राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

■ आमजन का निकलना हुआ मुश्किल, गर्मी से राहत मिली

दोपहर में बादलों की काली घटा छा जाने से वाहन चालकों को दिन में ही लाइट जलानी पड़ी। इस दौरान बरसात के कारण आसपास के क्षेत्र के निचले इलाकों में पानी घुस गया, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बरसात से कस्बे की सड़कें जलमग्न हो गई। खेतड़ी व आसपास के क्षेत्र में दोपहर को मध्यम बरसात का दौर शुरू हुआ था। सिंघाना के ग्रामीणों ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी, प्रभात कॉलोनी, मुख्य बाजार स्थित मुस्लिम बस्ती में पानी की सही निकासी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को अनेक



बरसात से कस्बे की सड़कें जलमग्न हो गई।

परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय में कस्बे का पानी तेज बहाव के साथ आने से नाले उफान पर हो जाते हैं। नालों की साफ-सफाई नियमित रूप से नहीं होने के कारण उनका पानी सड़क पर आ जाता है तथा घरों में घुस जाता है। नालों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाने से राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पूर्व में भी कई बार नगरपालिका से नालों की नियमित सफाई करने की मांग कर चुके हैं। इसके बावजूद भी नगरपालिका की ओर से आमजन की भावनाओं को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

व्यापारी मनोज कुमार, दीनदयाल ने बताया कि मुख्य बाजार से बहने वाले नालों की नियमित सफाई नहीं होने से नाले अवरुद्ध हो जाते हैं तथा इनमें बहने वाला गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है। यदि जल्द ही इनकी सफाई नहीं करवाई गई तो ग्रामीणों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है

और जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने से मौसमी बीमारियां फैलने का खतरा भी बन सकता है। इस दौरान व्यापारियों ने ग्राम पंचायत से जल्द ही नालों व सड़क पर बहने वाली गंदगी की सफाई करने की मांग भी की है। तहसील रिकॉर्ड के अनुसार 13 एमएम बारिश दर्ज की गई है।


## ग्राम, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर होंगी जनसुनवाई

सीकर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेश पर अब से ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर नियमित रूप से जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनसुनवाई में ग्राम स्तर, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। नियमित रूप से होने वाली इन जनसुनवाईयों मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी।

सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा ने बताया कि 4 जुलाई 2024 को गोकुल का बास, गुरारा खंडेला में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई एवं 11 जुलाई 2024 को फतेहपुर में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई तथा 18 जुलाई 2024 को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिसमें जिला कलेक्टर स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई 2024 को जिला स्तरीय जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे तथा इस दौरान जनसुनवाई के साथ ही जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक की आयोजित की जाएगी जिसमें काफी समय से जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हो रहे मामलों की विशेष सुनवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### राजकीय सेवा में चयनितों का सम्मान



**झुंझुनूं**, (निसं)। नौरंगराम दयानंद ढूकिया पैरामेडिकल संस्थान में राजस्थान चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित सहायक रेडियोग्राफर एवं लैब टेकनिशियन की भर्ती में चयनित हुए संस्था के छात्र-छात्राओं को साफा, प्रतीक चिह्न व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था सचिव डॉ. संदीप ढूकिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं ने संस्था में अपनी शत-प्रतिशत उपस्थिति और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। ऐसे समारोह से उत्साह बढता है और वे नई ऊंचाइयों की ओर बढते हैं। यह सम्मान प्रतिभाओं को ओर निखारने का काम करता है। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुनिता ढूकिया ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मंच संचालन सुधीर कुमार ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### 102 कैदी मरीजों का उपचार किया



**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं जिला जेल में शुक्रवार को डॉक्टर दंपत्ति द्वारा शिविर आयोजित कर 102 कैदी मरीजों को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। शिविर का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने किया। जेल डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंघोया ने बताया कि आस्था हॉस्पिटल के डॉक्टर दंपत्ति डॉ. अशोक चौधरी और डॉ. अर्षा चौधरी ने 90 पुरुष और 12 महिला कैदियों को चर्म रोगों सहित सामान्य स्वास्थ्य संबधी दिक्कतों के लिए जांच कर निशुल्क सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर जेलर गंगाराम विश्नोई, जेल डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंघोया, नर्सिंग स्टाफ नरेंद्र, सुमन और जयप्रकाश ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर के बाद जेल में पौधारोपण किया गया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने डॉक्टर दंपत्ति डॉ. अशोक चौधरी और डॉ. अर्षा चौधरी के निशुल्क सेवाओं और पौधारोपण कार्य की सराहना करते हुए समाज में प्रेरणादायी कार्य बताया।

### पार्षद के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप

**चिड़ावा**, (निसं)। शहर के वार्ड 22 से पार्षद रहे भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष दिवंगत अनूप भगेरिया के पुत्र ईशु ने वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र कटेवा के खिलाफ धोखाधड़ी कर रुपए ऐंठने का मामला चिड़ावा थाने में दर्ज करवाया है। थानाधिकारी विनोद सामरिया ने बताया कि रिपोर्ट में बताया है कि नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव के दौरान कटेवा ने ईशु के पिता अनूप भगेरिया से 30 लाख रुपए लिए थे और एक माह में लौटाने का वादा किया था। लेकिन रुपए कई बार मांगने पर भी अब तक नहीं लौटाए गए। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। इधर इस मामले में वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र कटेवा ने बयान जारी कर इस मामले को दुर्भावना और राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा है कि उन्होंने भगेरिया से किसी प्रकार के कोई रूपए नहीं लिए। उनको बेवजह बदनाम किया जा रहा है। इसको लेकर वे अपने वकील से सलाह कर आगे कार्रवाई करेंगे।

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

**पाटन**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में राजकीय सेवा में आने वाले नव नियुक्त कार्मिकों को शनिवार 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित करेंगे। जिला कलेक्टर नीमकाथाना शरद मेहरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक साथ आयोजित होने वाले इस उत्सव के तहत नीमकाथाना में जिला स्तरीय आयोजन शांति पैराडाइज, खेतड़ी रोड पर होगा। मुख्यमंत्री शर्मा इस अवसर पर नव नियुक्त कार्मिकों के साथ संवाद भी करेंगे, जिसका पूरे राजस्थान में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण होगा। कलेक्टर मेहरा ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों के कार्य दायित्व निर्धारण करते हुए आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए, ताकि सभी अधिकारी और कार्मिक उत्सव में भागीदारी करें तथा अधिक से अधिक युवा मुख्यमंत्री के संवाद कार्यक्रम से जुड़ सकें।

### रिक्त पदों पर उपचुनाव 30 को

**पाटन**, (निसं)। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार नीमकाथाना जिले की पंचायत समिति पाटन के वार्ड संख्या 14 में पंचायत समिति सदस्य और पंचायत समिति श्रीमाधोपुर में ग्राम पंचायत सीमारला जागीर में सरपंच के पद पर 30 जून रविवार को चुनाव प्रस्तावित है। इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर शरद मेहरा ने सम्बंधित उप चुनाव वाले क्षेत्रों के लिए आदेश जारी किए हैं। मेहरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मतदान दिवस 30 जून को सम्बंधित क्षेत्रों और वहां स्थित कार्यालयों आदि में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस क्रम में इन क्षेत्रों में स्थित निजी एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम, कारोबार या व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश देय होगा। जिला कलेक्टर द्वारा जारी एक अन्य आदेश के अनुसार, पंचायत समिति पाटन के वार्ड संख्या 14 में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए मतदान होने की स्थिति में मतगणना 1 जुलाई को तहसील कार्यालय पाटन में होगी। इसके लिए मेहरा ने तीन मतगणना पर्यवेक्षक और तीन मतगणना सहायक भी नियोजित किए हैं।

### 'भगवान की भक्ति में असीम आनन्द'

**रतनगढ़**, (निसं)। शहर के कानजी गेस्ट हाऊस प्रांगण में हरितवाल परिवार की ओर से आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिवस कथा वाचक संत हरिशरण महाराज ने धर्मोपदेश देते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में सद्प्रवृत्तियां भगवान के भजन से ही मिलती है, भगवान की भक्ति से ही मानव जीवन में असीम आनन्द की प्राप्ति होती है। महाराज ने आज धर्म, अर्थ, काम,मोक्ष पर विस्तार से बताया और कहा कि सत का संग तो सबके जीवन में है, हमें असत्य का संग छोड़ना है। कथा शुरू होने से पूर्व कथा आयोजक कानजी हरितवाल परिवार के विजयकुमार हरितवाल ने भागवतजी की पूजा अर्चना की। महाराज ने आज भगवान के अवतारों का विस्तार से वर्णन किया। प्रात: प्रवचन पंडाल में प्रार्थना,धर्म प्रवचन उसके पश्चात नगर प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया। शहर की गलियों में घरों के आगे रंगोलिया बनाकर पुष्प वर्षा करके प्रभात फेरी का अभिनंदन किया। कथा में राजस्थान सरकार के लोकायुक्त प्रताप कृष्ण लोहरा,पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबु इंदौरिया, रमेशचंद्र इंदोरिया,विश्वनाथ सोनी,श्याम भोजक,ओमप्रकाश भोजक सहित अनेकों धर्म श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर आध्यात्मिक लाभ उठाया। लोकायुक्त प्रताप कृष्ण लोहड़ा का वरिष्ठ अधिवक्ताओं समाजसेवियों ने अभिनंदन किया।

### योगाभ्यास शिविर नियमित होगा

**चूरू**, (कासं)। स्थानीय अग्रसेन नगर के प्रताप पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुरु किया गया योग शिविर अब नियमित चलेगा। अग्रसेन विकास समिति के अध्यक्ष मदन लाल राजपुरोहित ने बताया कि यह शिविर योग दिवस पर विशेष तैयारी के लिए आर्युवेद विभाग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में शुरु किया गया था परन्तु स्थानीय कॉलोनी निवासियों के उत्साह व इच्छाओं को देखते हुए अब इस शिविर को नियमित किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### नवीन अपराधिक कानूनों की जानकारी दी

**झुंझुनूं**, (निसं)। एसडीएम सुमन सोनल की अध्यक्षता में नए आपराधिक कानून विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अभियोजन विभाग के सहायक निदेशक प्रमोद कुमार हटवाल, अभियोजना अधिकारी मदनलाल वर्मा एवं सुरेखा ने संगोष्ठी में एक जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों के संबंध में हुए बदलाव के बारे में जानकारी दी। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लाने का उद्देश्य जांच और न्याय प्रणाली को सभी के लिए सहज और सुलभ बनाना है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील की है कि इस नई संहिता एवं अधिनियमों के बारे में आवश्यक रूप से अध्ययन करना चाहिए इसके अलावा आमजन को भी इसकी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में आईपीसी के अधिकांश अपराधों को बरकरार रखा गया है एवं इसमें सामुदायिक सेवा को भी सजा के रूप में शामिल किया गया है। संगोष्ठी में प्रदीप जांगिड़, सुनील महला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### क्लेम के दो लाख का चैक सौंपा

रतनगढ़, (निसं)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा रतनगढ़ द्वारा गांव गोलसर में चौपाल का आयोजन किया गया। सरपंच संघ अध्यक्ष, सरपंच गोलसर उमेद सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में बैंक शाखा प्रबंधक मुरली मनोहर शर्मा द्वारा सुंदरलाल पुत्र आशाराम मेघवाल की मृत्यु उपरांत उसकी पत्नी मंजू देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपए का बीमा क्लेम का चैक सौंपा साथ ही चौपाल में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। सरपंच संघ अध्यक्ष राठौड़ ने बैंक द्वारा इस जागरूकता अभियान के तहत कार्य की सराहना की एवं बीमा क्लेम स्वीकृत करने हेतु बैंक प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम लाल चिनिया, लक्ष्मण कड़वासरा, भंवरलाल चिनिया, अब्दुल बहलीम,सलीम बेहलीम सहित सैंकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### प्रकाश सैनी उपाध्यक्ष बने

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिले के नवलगढ़ उपखंड के झाझड़ के प्रकाश सैनी के राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है। वे वर्तमान में सहायक अनुभागाधिकारी पद पर कार्यरत हैं। गौरतलब है कि जयपुर के शासन सचिवालय परिसर में गुरूवार को राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मुख्य सचिव सुधांश पंत की उपस्थिति में झाझड़ निवासी प्रकाश सैनी को उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई तथा उनका स्वागत किया गया। अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा व उपाध्यक्ष प्रकाश सैनी ने बताया कि वे कर्मचारियों के हित में कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

### सम्मान समारोह का आयोजन कल

**झुंझुनूं**, (निसं)। अखिल भारतीय रैगर महासभा जिला शाखा झुंझुनू के द्वारा 30 जून रविवार को सुबह 10 बजे से चूरू रोड स्थित अंबेडकर भवन में रैगर समाज के राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समाज के शेखावाटी क्षेत्र में पदस्थापित राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का भी अभिनंदन भी किया जाएगा। कार्यकम में समाज की वर्तनान दशा एवं दिशा पर चिंतन कर समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन के अनुसार सामाजिक बुराइयों को कम करने एवं दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। इसलिए समाज ऐसे समस्त वरिष्ठजनों एवं अखिल भारतीय रैगर महासभा जिला शाखा झुंझुनूं के जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों से अपील करते हैं कि कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम में सहयोग करें।

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

**झुंझुनूं**, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा पहली बार नवनियुक्त राजकीय कार्मिकों के उत्साह वर्धन के लिए 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम सूचना केंद्र सभागार में सुबह 11 बजे शुरू होगा। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस दौरान कार्मिकों को नियुक्ति-पत्र व वेलकम किट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव राज्य सरकार द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम है। यह उत्सव राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है।

### धनूरी स्कूल का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। धनूरी के शहीद मेजर एमएच खान राउमावि का शुक्रवार को प्रधान सचिव महालेखाकार आईएएस के. सुब्रमण्यम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित आईसीटी लैब व वेतन भूगतान प्रोग्राम मॉड्यूल को बारिकी से देखा तथा संतुष्टि जताई। इसके अलावा विद्यालय में संचालित पुस्तकालय, कक्षा कक्षों, मीड डे मील भंडारण, रसोईघर एवं प्रयोगशाला लैब का भी निरीक्षण किया। प्रधान सचिव ने विभागीय स्तर पर पेंडिंग चल रहे आवेदनों की जानकारी जुटाकर जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। विद्यालय में भामाशाह सूची की तारीफ करते हुए और अधिक लोगों को विद्यालय से जोड़ने की बात कही। इसके बाद विद्यालय स्टाफ के साथ पौधारोपण भी किया। प्रधान सचिव महालेखाकार ने विद्यालय स्टाफ की बैठकर लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## 86 कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग की

**चिड़ावा**, (निसं)। राजकीय उप जिला अस्पताल में शुक्रवार को कैंसर स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया। शिविर में सुबह नौ से शाम पांच बजे तक 86 रोगी लाभान्वित हुए। इस शिविर का शुभारंभ पीएमओ डॉ.सुमनलता कटेवा ने किया। पीएमओ डॉ.कटेवा ने इस दौरान कहा कि समय पर उपचार करवाने पर कैंसर का इलाज संभव है। उन्होंने कैंसर रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने की बात कही। नोडल अधिकारी डॉ.भंवरलाल सर्वा ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने रोगियों की जांच कर परामर्श दिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कैंसर के लक्षण, बचाव और रोकथाम से जुड़ी जानकारी भी दी। शिविर में आए कुछ रोगियों को उच्च संस्था के लिए रैफर किया भी किया गया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ.तेजपाल कटेवा, डॉ.सतीश भगासरा, नर्सिंग अधीक्षक रणसिंह डैला, एनओ महेश गजराज, मुकेश मान, मनोज कुमारी, मोनिका, संगीता, एलटी सुनील चौधरी, सांवरमल धाबाई, अमन स्वामी, लक्ष्मी, अजीत कुमार, डाटा ऑपरेटर सुनील कुमार, एलएचवी विद्या देवी, ममता सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती में अनियमितता की शिकायत

**झुंझुनूं**, (निसं)। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ झुंझुनूं संबंधित भारतीय मजदूर संघ एवं राजस्थान आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ ने महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती 2024 में हुई अनियमितता के संबंध में शुक्रवार को एडीएम झुंझुनूं के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिया गया।

आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ झुंझुनूं की जिलाध्यक्ष कृष्णा कंवर ने बताया कि 22 जून को आयोजित हुई महिला पर्यवेक्षक पद की परीक्षा में घोर अनियमितता हुई है। राज्यादेश संख्या डीओपीएफ 128, 24 अगस्त 18 को बनाए महिला एवं बाल विकास अधीनस्थ कर्मचारी सेवा नियम के अंतर्गत कुल रिक्तियों का 50 प्रतिशत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भरे जाने हैं। राज्य सरकार की वर्तमान में निकली विज्ञप्ति के अनुसार 26 फरवरी 2024 को महिला पर्यवेक्षक के पद के लिए परीक्षा आयोजित हुई। इस परीक्षा में केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिनके अनुभव दस वर्ष का है, उन्हीं को योग्य माना गया। किंतु इस परीक्षा में



आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन दिया ।

अनियमितता यह रही कि आंगनबाड़ी कर्मचारियों के अलावा भी अन्य महिलाओं को भी शामिल कर दिया गया है। जिसकी जांच कर आंगनबाड़ी कर्मियों को इंसाफ मिले और जिन महिलाओं ने परीक्षा में बिना अनुभव के भाग लिया है।

उन्हें अयोग्य घोषित कराए एवं आंगनबाड़ी कर्मियों के हित में निर्णय करें वर्ष 2004 की भांति बिना विभागीय परीक्षा लिए वरिष्ठता के आधार पर एवं आयु सीमा में छूट प्रदान करते हुए महिला पर्यवेक्षक बनाया जाए। भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री सुनील बुगालिया ने उक्त मांग सही बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को इस भर्ती में हुई अनियमितता दूर करते हुए आंगनबाड़ी महिलाओं को न्याय दिलवाए। ज्ञापन में अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भूमि दरों में वृद्धि का प्रस्ताव रखा

**पाटन**, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देश पर नीमकाथाना के विभिन्न तहसील एवं भूमि पंजीयक क्षेत्रों में भूमि की डीएलसी दरों का पुनरीक्षण कर इन दरों को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय दर निर्धारण समिति (डीएलसी) की बैठक का आयोजन किया गया।

समिति ने सभी पंजीयक क्षेत्रों के लिए डीएलसी दरों के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिले की कई तहसीलों में भूमि दरों में वृद्धि की अनुशंसा की गई। स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार, पंजीयक नीमकाथाना में डीएलसी दरों में 10 से 15 प्रतिशत, उपपंजीयक श्रीमाधोपुर और अजीतगढ़ में 15 से 20 प्रतिशत, उदयपुरवाटी में 15 से 20 प्रतिशत, खेतड़ी में 5 से 25 प्रतिशत तथा पाटन में 10 से 25 प्रतिशत डीएलसी दरों में वृद्धि के प्रस्ताव रखा गया। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों ने इन प्रस्तावों पर कोई भी आक्षेप या आपत्ति नहीं की। इस प्रकार सर्व सहमति से समिति द्वारा अनुशंसा कर डीएलसी दरों में संशोधन के प्रस्ताव राज्य सरकार को अनुमोदन हेतु प्रेषित किए गए। समिति की बैठक में विधायक भगवाना राम सैनी, पंचायत समिति प्रधान शंकर लाल, सुवालाल के साथ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही, समिति के नोडल अधिकारी एडीएम नीमकाथाना, डीआईजी स्टाम्प सीकर, आयुक्त नगर परिषद नीमकाथाना, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उदयपुरवाटी, श्रीमाधोपुर, खेतड़ी, अजीतगढ़ एवं गुढ़ा पौंख तथा उप पंजीयक नीमकाथाना, उदयपुरवाटी, श्रीमाधोपुर, खेतड़ी एवं पाटन भी बैठक में शामिल हुए।

## 'संस्कृति और मीडिया' विषय पर परिचर्चा कल

**चूरू**, (कासं)। चूरू में 'भारतीय साहित्य, संस्कृति और मीडिया' विषय पर रविवार को परिचर्चा की जाएगी। राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के प्रदेश महासचिव अशोक लोढ़ा ने बताया कि राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम राजस्थान के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार अनिल सक्सेना 'ललकार' के द्वारा वर्ष 2011 से राजस्थान के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 'भारतीय साहित्य और पत्रकारिता के उच्च मानदंड स्थापित करने और साहित्यिक उन्नयन हेतु' कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

# नकली और घटिया बीज बेचने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश

**चिड़ावा**, (निसं)। शहर की पिलानी रोड पर भागिनिया जोहड़ के समीप शुक्रवार को कृषि विभाग सहायक निदेशक विस्तार कार्यालय में कृषि विभाग के सहायक निदेशक विस्तार राधेश्याम शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में निदेशक शर्मा ने कहा कि बारिश के साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान कुछ लोग बुवाई के लिए नकली

■ कृषि विभाग के सहायक निदेशक ने ली बैठक

एवं घटिया बीज वाहन में भरकर या मोटरसाईकिल पर रखकर बेचान कर रहे हैं। इस तरह के बीजों से किसानों का नुकसान हो सकता है।

उन्होंने सभी स्टाफ को इस संबंध में जागरूक रहने और यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो इसकी सूचना विभागीय निरीक्षकों को देने की अपील की है, जिससे उनके विरूद्ध




कृषि विभाग के सहायक निदेशक विस्तार राधेश्याम शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

कार्यवाही की जा सके।

उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि गतिविधियों के बारे में किसानों को भी जागरूक करें, साथ ही कृषकों को केवल और केवल अधिकृत कृषि आदान विक्रेता से ही कृषि आदान खरीदनें के साथ ही उसका बिल प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। यदि कोई कृषि आदान विक्रेता बिल नहीं देता है तो उसकी सूचना भी विभागीय अधिकारियों को देने की अपील की है।

